भ्रष्टाचार का विरोध

# कांग्रेस ने किया नगर निगम दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन

## सड़क, सीवर, सफाई, पेयजल व्यवस्था पर जताया आक्रोश, ज्ञापन सौंपकर आयुक्त एवं महापौर को हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी एवं शहरी क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में नगर निगम दफ्तर का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन भी दिया गया।



प्रदर्शन से पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के महादेव नाका पर एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में महापौर और आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम दफ्तर पहुंचें। यहां दफ्तर का घेराव करते हुए कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने महापौर पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए तत्काल बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइट बंद हैं दूषित पानी की सप्लाई हो रही है और सवऊाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि करोड़ों की लागत से बना सीवर प्रोजेक्ट फेल हो चुका है और चंबल वाटर प्रोजेक्ट भी अनियमितताओं की भेंट चढ़ रहा है।

विधायक दिनेश गुर्जर ने बंद पड़े हैंडपंप, सब्जी मंडी की समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की बदहाली का मुद्दा उठाया। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, पूर्व शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने भी नगर निगम में भ्रष्टाचार, अधूरे कार्यों और भुगतान में अनियमितताओं के आरोप लगाए।

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस की ओर से ज्ञापन दिया गया। जिसमें महापौर और नगर निगम आयुक्त को तत्काल हटाए जाने और शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की गई है।

**घेराव, धरना प्रदर्शन में यह रहे शामिल**

रामलखन डंडौतिया, रामहेत पिप्पल, मानवेंद्र सिकरवार गांधी, लोकेंद्र यादव, कुलदीप यादव, हरीश पाठक, जितेंद्र डंगस, रामवीर तोमर, जगन्नाथ कुशवाह मुकेश शर्मा विनोद शर्मा, राजेश कथूरिया, अजीत सिकरवार, अवनीश कटारे, शेरसिंह तोमर, प्रमोद परमार, पूरन यादव, ओमप्रकाश गुर्जर, भूपेंद्र सिकरवार मिंटू, आसिफ कुरैशी, हरीराम पचोरिया, उदयवीर सिकरवार, रमेश अर्गल, रामू टुंडेलकर आदि घेराव, धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।



**महापौर-आयुक्त के दफ्तर के बाहर मटके फोड़े, फेंका कचरा**

कांग्रेसियों ने नगर निगम दफ्तर परिसर में स्थित आयुक्त और महापौर के चेंबरों के सामने प्रदर्शन के दौरान मटके फोड़कर गुस्सा जाहिर किया। इसी दौरान उनके द्वारा कचरा गाड़ी में भरकर साथ लाए गए कचरे को भी महापौर-आयुक्त के चेंबर के सामने फैला दिया।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित

**मुरैना, 14 मई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में एसपी धर्मराज मीणा, एएसपी सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर, मेजर इलियास, एसपी सारस्वत, डॉ. विवेक राठी, समाजसेवी आशा सिकरवार, एमआर पांडे और मानद कप्तान दीवान सिंह चौहान सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे। कलेक्टर ने सैनिकों से जुड़े मामलों के त्वरित और संवेदनशील निराकरण के निर्देश दिए। जिला हेल्पलाइन में सैनिक नाम से अलग श्रेणी जोड़ने, शहीद पार्कों के रख-रखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और आधार सत्यापन प्रक्रिया सरल बनाने का निर्णय लिया गया। पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनने के बाद कलेक्टर ने कहा कि सैनिकों को राष्ट्र सेवा के दौरान किसी प्रकार की चिंता न हो, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मुरैना को सैनिक कल्याण के क्षेत्र में मॉडल जिला बनाने की बात कही।



# ऐंती पर्वत पर शनि मेला कल

## कलेक्टर-एसपी ने देखीं तैयारियां

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और एसपी धर्मराज मीणा ने कल 16 मई को ऐंती पर्वत स्थित शनिदेव मंदिर पर आयोजित होने वाले लक्खी मेले की तैयारियों का गुरूवार को जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए मेला परिसर में टेंट, मैटिंग, छायादार स्थान, पेयजल और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


वहीं अस्थायी अस्पताल में डॉक्टर, दवाइयाएं एंबुलेंस और 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए है। एसपी धर्मराज मीणा ने पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। श्रद्धालुओं से वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करने की अपील की गई है।

# भात समारोह में आई बालिका की गला घोंटकर हत्या

## चिन्नौनी क्षेत्र के रामलाल का पुरा में हुई घटना, मामला संदिग्ध

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** कैलारस के इटौरा गांव से माता-पिता के साथ भात के कार्यक्रम में शामिल होने चिन्नौनी क्षेत्र के रामलाल का पुरा गांव में आई 7 साल की बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव से बाहर बीहड़ में एक गड्ढे में दबा हुआ मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार कैलारस थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा निवासी बल्लू उर्फ बलवीर जाटव 13 मई को पड़ौस में रहने वाले लोगों के साथ चिन्नौनी क्षेत्र के रामलाल का पुरा गांव में रहने वाले रामप्रकाश जाटव के घर भात कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बलवीर के साथ उसकी पत्नी और 7 साल की बेटी तनु जाटव भी आई हुईं थीं। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात को तनु अपने माता-पिता के पास ही सो गई थी। सुबह जब परिजन की नींद खुली तो तनु गायब मिली। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान तनु का शव घर से काफी दूर बीहड़ में एक गड्ढे में मिला। उसके हाथ और पैर कपड़े की तौलिया से बंधे हुए थे। सूचना मिलने के बाद चिन्नौनी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के भिजवाया। प्रथम दृष्टया तनु की मौत गला दबाने से होना बताया जा रहा है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पड़ताल शुरू कर दी है।

**इनका कहना है...**

रामलाल का पुरा में 7 साल की बच्ची का शव मिला है। प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**सुरेन्द्रपाल डाबर**
एडीशनल एसपी, मुरैना



# जौरा एसडीएम ने सुमावली में परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**मुरैना/जौरा, 14 मई।** शुभम शर्मा ने गुरुवार को सुमावली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा के तहत सामाजिक विज्ञान विषय का पेपर चल रहा था। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संचालित होती मिली। एसडीएम ने केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# भाजपा नेता मित्तल ने किया भगवान परशुराम चल समारोह का स्वागत

जौरा कस्बे में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 14 मई।** भगवान विष्णु के छठवे अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर 12 मई को कस्बा जौरा में भव्य चल समारोह का आयोजन हुआ। इस चल समारोह का मप्र अग्रवाल (वैश्य) महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल ने अपने समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम सरस्वती कुंज, राजीव गांधी मार्ग स्थित उनके निवास पर हुआ।



आकर्षक झांकियों और बग्घियों से सजे चल समारोह में जरेरुआ सरकार सहित कई साधु-संत शामिल हुए। श्री मित्तल ने सभी संतों का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मित्तल परिवार ने विभिन्न समाजों और विप्र बंधुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था की।

समारोह में भगवान परशुराम के चित्र वाले पटके पहनाकर अतिथियों और पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर शारदा मित्तल, विकास मित्तल सहित परिवार के सदस्यों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा-अर्चना और आरती कर

# नीट पेपर लीक : आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**बैरियर क्षेत्र में किया धरना प्रदर्शन, केन्द्रीय मंत्री प्रधान से मांगा इस्तीफा**

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने नीट परीक्षा पेपर लीक और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कथित लापरवाही के विरोध में बुधवार की शाम बैरियर चौराहे पर सांकेतिक धरना और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुशवाह के नेतृत्व में किया गया।

प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं का कहना था कि पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की निष्क्रियता के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन में विजयराजे परमार, सुनील माहौर, सुरेंद्र निगम, पुनीत पिप्पल, दिलीप दोनेरिया, राजकिशोर शर्मा, वीरेंद्र नागौरिया, संदीप सिरोठिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



# 83 कछुआ शावकों को उसैद घाट पर चंबल नदी में छोड़ा

**अब तक 7344 कछुए प्राकृतिक आवास में छोड़े गए**

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। उसैद घाट स्थित अस्थायी कछुआ हैचरी से 83 कछुआ शावकों को गुरूवार को सुरक्षित रूप से उनके प्राकृतिक आवास चंबल नदी में छोड़ा गया। इस दौरान वनमंडल अधिकारी हरिश्चंद्र बघेल और अधीक्षक श्याम सिंह चौहान मौजूद रहे।

वन विभाग द्वारा चंबल नदी के बरौली घाट, बटेश्वरा घाट, उसैद घाट और सांकरी घाट पर चार अस्थायी कछुआ हैचरी बनाई गई हैं। इन हैचरी में 395 नेस्ट सुरक्षित किए गए हैं। विभाग के अनुसार अब तक 7344 कछुआ शावक सुरक्षित रूप से हेंच होकर प्राकृतिक आवास में छोड़े जा चुके हैं, जबकि कई नेस्ट में अभी भी हेंचिंग की प्रक्रिया जारी है। वन अधिकारियों के मुताबिक चंबल में कछुओं का संरक्षण पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।

# चंबल की रेत से भरे 2 ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

## अवैध परिवहन कर रहे तीन व्यक्ति गिरफ्तार, मामले दर्ज

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** देवगढ़ एवं पोरसा थानों की पुलिस ने चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे दो ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। देवगढ़ पुलिस ने दो एवं पोरसा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। देवगढ़ थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम गुढ़ा चंबल के पास वाहनों की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान टीम ने नीले रंग के स्वराज ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोका, जांच के दौरान ट्रॉली में चंबल नदी का रेत भरा हुआ मिला। पुलिस ने वाहन को जब्त कर ट्रेक्टर चला रहे ड्राईवर समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध मप्र खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।



**पोरसा पुलिस ने बायपास रोड से पकड़े रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली**



पोरसा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह ने 14 मई को चैक पॉइंट लगाकर भिंड रोड बायपास से चंबल नदी की रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। ट्रेक्टर-ट्रॉली को राजसात किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी की वारदात ट्रेस, 1 गिरफ्तार, माल बरामद

## सिहौनिया क्षेत्र में 25 अप्रैल की रात को हुई थी घटना

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** सिहौनिया क्षेत्र के मानपुर गांव में विगत 25-26 अप्रैल की रात को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 14 मई को खुलासा कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले एक युवक को पकड़ा है। जिसके कब्जे से चुराए गए जेवरात समेत डेढ़ लाख रूपये का माल बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार मानपुर निवासी सुरेश बरेठा के घर से 25-26 अप्रैल की रात को अज्ञात बदमाश बक्से का ताला तोड़कर सोने के जेवरात चुराकर ले गया था। वारदात के वक्त सुरेश के माता-पिता घर के बाहर सो रहे थे। पुलिस ने सुरेश की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया था। पड़ताल के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर सोनू बघेल निवासी ईश्वरीपुरा मानपुर को पकड़ा। पूछताछ में सोनू ने वारदात को अंजाम दिया जाना कुबूल कर लिया।

सोनू ने बताया कि वो नशा करने का आदी है, नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने चोरी की थी। पुलिस ने सोनू के कब्जे से सोने की जंजीर, मंगलसूत्र, अंगूठी समेत डेढ़ लाख रूपये कीमती माल बरामद कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई अतुल सिंह परिहार, एएसआई होतम सिंह, प्र.आ. प्रवीण कुमार, नरहरि यादव, आरक्षक प्रदीप, बृजभूषण, जयवीर, असगर, अनमोल, आरक्षक चालक धर्मवीर शामिल थे।

# ग्लोबल हाईट्स स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने दिखाया टेलेंट

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 मई।** ग्लोबल हाइट्स स्कूल में करीब दो सप्ताह से चल रहे समर कैंप का गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। कैंप में बच्चों ने राइफल शूटिंग, आर्चरी, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस और म्यूजिक जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



समापन समारोह की मुख्य अतिथि शारदा सोलंकी रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र यादव, डॉ. योगेंद्र यादव, दीवान सिंह यादव, नागेन्द्र सिंह यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने स्कूल की आधुनिक शिक्षा पद्धति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना की। समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में स्कूल संचालक महेंद्र सिंह यादव और प्राचार्य अखिल श्रीवास्तव ने अतिथियों और अभिभावकों का आभार जताया।

## विद्युत समाधान शिविर में 36 शिकायतें निराकृत

**मुरैना/जौरा, 14 मई।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए गुरुवार को पुराने अस्पताल परिसर में बिजली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सहायक यंत्री पीएस यादव और कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे। शिविर में नया कनेक्शन, नाम परिवर्तन, कनेक्शन विच्छेदन, गलत या अधिक बिल, मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर, लो-वोल्टेज और डुप्लीकेट बिल जैसी शिकायतें सुनी गईं। शिविर में शाम 4 बजे तक 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पांच काउंटर बनाए गए थे। बिजली विभाग ने बताया कि 16 मई को नगरीय क्षेत्र के इस्लामपुरा रोड स्थित टाउन हॉल में समस्या निराकरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

# राजू भाई आज जौरा में करेंगे भाईजी बाल मंदिर स्कूल का शुभारंभ

## गांधीवादी संस्कारों के साथ सीबीएसई पैटर्न से कराई जाएगी पढ़ाई

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 14 मई।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम परिसर में आज शुक्रवार को भाईजी बाल मंदिर इंग्लिश मीडियम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में प्रख्यात गांधीवादी चिंतक पीवी राजगोपाल राजू भाई मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।



इनोवेदिका फाउंडेशन दिल्ली के सहयोग से शुरू हो रहा यह स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा। यहां नर्सरी से कक्षा 5वीं तक पढ़ाई कराई जाएगी। स्कूल में आधुनिक इंग्लिश मीडियम शिक्षा के साथ गांधीवादी संस्कार, नैतिक शिक्षा और अनुशासन पर विशेष फोकस रहेगा। विद्यालय की स्थापना गांधीवादी विचारक डॉ. एसएन सुब्बाराव भाई जी की प्रेरणा से की गई है।

स्कूल के प्राचार्य जिम्मी जार्ज ने बताया कि ग्रामीण और सामान्य परिवारों के बच्चों को कम शुल्क में बेहतर इंग्लिश मीडियम शिक्षा उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए निःशुल्क इंग्लिश मीडियम कोचिंग भी शुरू की जाएगी, जिससे भाषा दक्षता और आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक-एमपी07-जेडपी-7798 अशोक लीलेंड जो कि परिवहन कार्यालय में मुनब्बर खान पुत्र आजाद खान पता खुर्जे वाला मौहल्ला, जिन्सी नाला नंबर-02 लश्कर ग्वालियर के नाम से पंजीकृत है। उक्त वाहन का चैसिस नंबर-यू9038, इंजन नंबर-8319पी और मॉडल वर्ष-2024 है। उक्त वाहन को चोला मंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आधिपत्य में ले लिया है एवं स्वामित्व अंतरण हेतु आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः वाहन क्रमांक-एमपी07-जेडपी-7798 से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर अपना तर्क दे सकते हैं।

**क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सिरौल, ग्वालियर (म.प्र)**